हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

04 जिन हाथों ने सहारा दिया, वही माता-पिता आज सहारे…



07 दहेज का सामान लेकर लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली…





## खबर संक्षेप

### विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई काव्यायन की गोष्ठी

**सागर।** नगर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था काव्यायन के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्रांड पैलेस के गार्डन से समाज सेवी निर्भय सिंह घोषी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसका संचालन वृंदावन राय सरल ने किया। इस आयोजन में पुष्पेंद्र दुबे सागर, देवी सिंह राजपूत, पी.आर.मलैया, मणिदेव सिंह ठाकुर, मीता कनौजिया, शिरोमणि जैन, अमित आठिया, महबूब ताज वृंदावन राय सरल ने काव्य पाठ किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट रामनरेश सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में भतत जाट,नीलेश मिश्रा उपस्थित रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आज

**सागर।** शासन के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा शुक्रवार 24 अप्रैल को सुबह 8 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी पर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया है ।

### पोषण पखवाड़ा अंतर्गत मेले का आयोजन किया

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में सेक्टर-4, परियोजना सागर शहरी-1 आंगनबाड़ी पंतनगर केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण मेले का आयोजन किया गया। मेले में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों तथा महिलाओं को संतुलित आहार, कुपोषण से बचाव एवं स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित हितग्राहियों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक स्वाति राय सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा, रेशमा चौरसिया, शशि, निर्मला, सरोज, रेशमा कोरी एवं सहायिका लक्ष्मी उपस्थित रहीं। पोषण मेले में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता रही।

### एमपी बोर्ड द्वितीय परीक्षा 2026, अब 26 अप्रैल तक भर सकेंगे फॉर्म

**सागर।** वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन भरने को लेकर जारी निर्देशों में संशोधन किया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित थी। छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए अब ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 अप्रैल कर दी गई है। बोर्ड द्वारा स्पष्ट किया गया है कि तिथि विस्तार के अलावा अन्य सभी नियम एवं निर्देश पूर्ववत ही लागू रहेंगे।

### भगवान चित्रगुप्त का प्रकट उत्सव मनाया

**सागर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सागर के तत्वाधान में बड़ा जीना परकोटा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर से राष्ट्र के रचयिता भगवान चित्रगुप्त का प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया गया । दूध दही शहद गंगाजल से अभिषेक कर भगवान की आरती हवन कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, मोहन खरे गार्डन संचालक ओमकार श्रीवास्तव, आरएस श्रीवास्तव, जेएसपी खरे, रामेश्वर श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, बसंत श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही ।

---

मुख्यमंत्री ने 63.41 करोड़ लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया

# नारी शक्ति है सशक्त समाज का आधार, महिलाओं के विकास से ही होगा समग्र विकास संभव : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि नारी शक्ति केवल शब्द नहीं बल्कि समाज की आधारशिला है। जब एक महिला सशक्त होती है तो न केवल परिवार, बल्कि संपूर्ण समाज प्रगति की ओर बढ़ता है। महिलाओं के विकास से ही परिवार, समाज ओर राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सांदीपनी विद्यालय प्रदेश में शिक्षा के आदर्श और सशक्त केंद्र बनकर उभर रहे हैं।

इनसे शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और प्रदेशवासियों को अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा के लिए महंगे प्राइवेट विद्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। सरकारी स्कूल प्रायवेट स्कूलों को पीछे छोड़ेंगे। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं दे रही है। इस बार के बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में सरकारी स्कूलों ने प्राईवेट स्कूलों को पीछे छोड़ कर अच्छा प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सागर जिले के नरयावली में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सांदीपनि विद्यालय नरयावली का लोकार्पण करते हुए लगभग 63.41 करोड़ से अधिक के अलग-अलग निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2026 की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय मात्र एक सीमेंट-कांक्रीट का भवन नहीं है, यह 5 हजार साल पुरानी भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का स्मृति स्थल है। भगवान कृष्ण ने अपने जीवन में कदम कदम पर संघर्ष किया और गरीब और अमीर की मित्रता का उदाहरण हम सभी के समक्ष गढ़ा है। समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का उत्थान और उससे मित्रता, गरीब कल्याण और अत्योदय का भाव सरकार को भगवान कृष्ण से मिलता है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और उनके सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के सही मायने हैं कि महिलाओं को उनके अधिकार, अवसर और समानता प्राप्त हो ताकि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें, समाज परिवार में अपनी पूर्ण क्षमता से भागीदारी दिखा सकें। नारी शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने महिला सशक्तिकरण का संकल्प को दोहराते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश में अनेक योजना चलाई जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 17 महिलाएं कलेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। इसी प्रकार सागर की सांसद, महापौर, कलेक्टर और पंचायतों में महिलाएं आज जिले के विकास की कमान संभाल रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि किसानों की आय को बढ़ाने और उनके उत्थान के लिए सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। सरकार द्वारा किसानों के लिए हर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण में कही कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखंड की धरती ने ऐंसे वीरों को पैदा किया है जिन्होंने जब भी मौका पड़ा उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर करके देश, प्रदेश का मान बढाया है। बुन्देलखंड अपने संघर्ष के लिए जाना जाता है। यहा के बुन्देले सब कुछ करने में सक्षम हैं, लेकिन प्राकृतिक परिस्थिति के कारण बुन्देलखंड में पानी का अभाव रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का जो कार्य किया जा रहा हैं, उससे बुन्देलखंड के किसानों के लिए, उनकी एक-एक इंच जमीन के लिए सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए मात्र 5 रूपए में बिजली का कनेक्शन दिया जा रहा है। सरकार का संकल्प है कि किसानों से 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदें और क्रमशः रूप से सरकार 2700 रुपए प्रति क्विंटल और उससे आंगे बढ़ कर गेहूं खरीदेगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के कारण बारदाने की जो समस्या आई उसके लिए सरकार कार्य कर रही है। किसान चिंता न करें किसान का दाना-दाना सरकार खरीदेगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश मे गेहूं की बम्पर पैदावार हुई है और किसानों से अधिक से अधिक गेहूं खरीदने के लिए प्रदेश सरकार ने भारत सरकार से प्रदेश का खरीदी का कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया है।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि कार्यों की घोषणा और उनका लोकापर्ण करना सरकार की नीति है। सरकार गरीब, महिला, किसान, युवा को साथ लेकर प्रदेश का विकास कर रही है। किसानों के उत्थान के लिए सरकार सबसे पहले खड़ी है। अब किसी भी परियोजना के निर्माण पर किसानों की कीमती जमीन जाती है तो किसानों को बाजार की गाईडलाइन का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कडान मध्यम सिंचाई परियोजना निर्माणधीन की पुनरीक्षत प्राक्कलन राशि 240 करोड़ की स्वीकृति की घोषणा की।

समारोह में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सदैव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-नागपुर कॉरिडोर के अंतर्गत लगभग 600 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है, जो मुख्यमंत्री की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के निर्माण में किसानों की एक इंच भी भूमि प्रभावित नहीं हुई है, जिससे क्षेत्र के कृषकों में संतोष का वातावरण है। विधायक श्री लारिया ने कहा कि कड़ान सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने पर लगभग 30 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।



## युवा मोर्चा समाज के हर वर्ग के लिए काम करेगा : प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर

**गढाकोटा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अल्प प्रवास पर विधायक गोपाल भार्गव के निवास गणनायक निवास रूके । और गोपाल भार्गव से सौजन्य भेंट कर विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इसके पश्चात मुख्य बस स्टैंड पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी के नेतृत्व में सैकडो. की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर टेलर ने कहा कि संगठन की असली ताकत युवा वर्ग है। उन्होंने युवाओं से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया ।और संगठन विस्तार सामाजिक सरोकारों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। युवाओं से भाजपा की रीति नीति पर चलकर केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कहा एवं युवा मोर्चा समाज के हर वर्ग के लिए काम करेगा और जन समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएगा। भव्य स्वागत के लिए उन्होंने सभी का आभार जताया। इस मौके पर सह प्रभारी फिट इंडिया खेल योग टीकाराम सेन, मनोज तिवारी, रानी कुशवाहा, हरि नारायण पटेल, दिनेश लहरिया, विवेक साहू, संतोष पटेल, विवेक मिश्रा बंडा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चालकों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा : स्टेशन से सवारी न लेने देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

ई-रिक्शा चालकों ने ऑटो चालकों की मनमानी के खिलाफ नायब तहसीलदार शिवमूर्ति सरल को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ऑटो चालकों पर स्टेशन से सवारियां न ले जाने देने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। बुधवार को बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ई-रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष सौरभ यादव ने बताया कि खुरई में करीब 100 से अधिक ई-रिक्शा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑटो चालक उन्हें स्टेशन पर सवारी लेने नहीं जाने देते और उनके साथ मारपीट भी करते हैं। सौरभ यादव के अनुसार, ऑटो चालक पिछले लंबे समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। स्टेशन और बस स्टैंड पर सवारियां लेने के लिए ई-रिक्शा खड़ा नहीं करने दिया जा रहा है, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ माह पहले ऑटो चालक यूनियन ने ई-रिक्शा चालकों को यूनियन में शामिल करने के लिए प्रतिचालक एक हजार रुपये लिए थे, लेकिन उन्हें शामिल नहीं किया गया। ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि वे सभी किश्तों पर ई-रिक्शा चला रहे हैं। यदि किश्तें नहीं भर पाते हैं, तो कंपनी उनके ई-रिक्शा वापस ले जाएगी, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

वहीं, ऑटो चालक संघ के अध्यक्ष सोनू श्रीवास्तव ने ई-रिक्शा चालकों के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पूरे मध्य प्रदेश में ई-रिक्शा पिछले छह महीने से केवल खुरई रेलवे स्टेशन पर लगाए जा रहे हैं। ऑटो चालकों ने कभी भी ई-रिक्शा चालकों के साथ भेदभाव नहीं किया। सोनू श्रीवास्तव के अनुसार, यह दो लोगों की आपसी लड़ाई है और ई-रिक्शा चालक ऑटो चालकों को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा चालकों द्वारा लगाए गए सभी आरोप झूठे और निराधार हैं।

### युमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने किया योगाचार्य विष्णु आर्य का सम्मान

**सागर।** सागर प्रवास के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं योगाचार्य विष्णु आर्य से सौजन्य भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उनका अमूल्य मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विष्णु आर्य ने भी श्याम टेलर का शाल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष यश अग्रवाल, प्रमोद आर्य, सुबोध आर्य। प्रतीक आर्य सहित अनेक गणमान्य नेता एवं परिजन उपस्थित रहे।





## उदयपुरा में गूंजे भक्ति के स्वर, महायज्ञ का तीसरा दिन, श्रृद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा तहसील के अंतर्गत ग्राम उदयपुरा में चल रहे ग्यारह कुण्डीय शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमयी शिव महापुराण कथा के तीसरा दिन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है। 21अप्रैल से प्रारंभ हुए इस भव्य धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा एवं गणेश पूजन के साथ हुई थी, जिसके बाद से निरंतर धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं। तीसरे दिन गृह स्थापना, ब्राह्मण वरण, देवता पूजन एवं मंडप प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक कार्य विधि-विधान से संपन्न किए जा रहे हैं। यह आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग एवं संत-महात्माओं के सान्निध्य में विश्व कल्याण की भावना से किया जा रहा है। आयोजन स्थल दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर है। ग्राम उदयपुरा के सरपंच प्रतिनिधि भैया विश्वजीत सिंह ने बताया कि भगवान अर्धनारीश्वर महादेव एवं दक्षिणमुखी हनुमान जी की कृपा तथा स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज की प्रेरणा से यह आयोजन सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे महायज्ञ समाज में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संचार करते हैं। महायज्ञ में स्वामी कृष्णानंद महाराज के साथ स्वामी चंद्रपुरी महाराज, स्वामी चेतनानंद महाराज, स्वामी ब्रह्मानंद महाराज एवं स्वामी गंगानंद महाराज द्वारा प्रतिदिन संगीतमयी कीर्तन एवं प्रवचन किए जा रहे हैं, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। वहीं, वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास श्री अभिमन्यु कृष्ण शास्त्री जी द्वारा शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जा रहा है तथा यज्ञाचार्य पं.श राजेश दुबे द्वारा विधि-विधान से यज्ञ की समस्त प्रक्रियाएं संपन्न कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं, जिससे आयोजन स्थल पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।



## 152 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में एवं भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव की अपराह्न में 152 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ, इसमें जिसमें 160 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया । जिसमें मधुमेह 37, रक्ताल्पता 15, यूरिक एसिड 31, बाडी मॉस 15, श्वास 22, बी एम डी 40 की जांच कर परामर्श दिया गया। यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया पथरिया जाट , तिली, बमोरी, रजाखेड़ी, बरारु बाबूपुरा, पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए । इस शिविर में अर्पित देसाई, सत्येश शुक्ला, वीरेन्द्र गोस्वामी, अंकित जैन, दीपक शाह, लोकेश साहू इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। 153वां शिविर बुधवार, 27 मई को पुनः शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं 5 सिविल लाइन सागर में किया जावेगा।




## रक्तदान महादान : संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ने निकाली वाहन रैली

**सागर।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ने संत निरंकारी मिशन के सदगुरु बाबा गुरवचन सिंह की याद में प्रत्येक वर्ष की भांति मानव एकता दिवस मनाया जा रहा है। मानव एकता दिवस पर हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी ये आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निरंकारी मिशन के भाई बहनों द्वारा रक्तदान किया जाएगा। मानव एकता दिवस के उपलक्ष में सागर में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा संत निरंकारी मंडल ब्रांच सागर ने विशाल रक्तदान जागृत रैली बाइक रैली निकाल कर रक्तदान महादान का सुंदर संदेश दिया एवं सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज द्वारा रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिए । इसी उद्देश्य से आज संत निरंकारी मिशन सागर द्वारा बाइक रैली निकालकर एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सहित मोतीनगर चौराहे पर संत निरंकारी निरंकारी यूथ सिंपोजियम के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा समझाया कि रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं । हमें हर तीन महीने में रक्त देना चाहिए रक्त देने से कमजोरी नहीं आती । आपके रक्त से किसी को जीवन दान मिल सकता है।24 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रक्त दान का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन शास्त्री वार्ड खुरई रोड पर किया गया है। बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर पीएस ठाकुर ने रक्तदान की जागृति वाहन रैली को एवं नुक्कड़ नाटक को काफी सराहा ओर अपने शब्दों ने कहा ये प्रयास काफी सराहनीय है ऐसे प्रयासों से ही लोगों में जागरूकता आती है। इस मौके पर जोनल इंचार्ज नारायणदास निरंकारी, डॉ अमर गंगवानी, क्षेत्रीय संचालक गुलाब निरंकारी, नाथूराम चौरसिया, शीतलदास निरंकारी, कन्हैयालाल सेनानी सतना सुनील मनवानी, सुरेश मोहनानी सहित निरंकारी सेवादल के भाई बहन मौजूद रहे।

---

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दो दिवसीय बौद्धिक विमर्श का हुआ आयोजन

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा: डॉ. सरोज गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रासंगिकता को लेकर शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर की प्राचार्य प्रो सरोज गुप्ता के निर्देशन में आदिगुरु शंकराचार्य सभागार में दो दिवसीय बौद्धिक विमर्श का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तीकरण के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों पर गहन बौद्धिक विमर्श कर विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अधिनियम की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा किनारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने वाला एक 'शक्ति पुंज' है।

### प्रबुद्ध वक्ताओं का वैचारिक संगम

मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. रेखा बक्शी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि नारी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भी मुख्य धुरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम महिलाओं को केवल आरक्षण ही नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने का संवैधानिक अवसर प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि नीलिमा पिम्पलपुरे ने सामाजिक मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता जताई, वहीं प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति चौहान ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए सुश्री दीपा तिवारी और शशि दीक्षित ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सक्रिय राजनीति को अनिवार्य बताया। श्रीमती मनीषा मिश्रा ने लैंगिक समानता और श्रीमती कविता लारिया ने विद्यार्थियों को सहयोग ,समानता, स्वावलंबन पर जोर दिया।

संगोष्ठी की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि युवाओं, विशेषकर छात्राओं को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग होना अनिवार्य है।

इससे पूर्व, सेमीनार के प्रथम दिवस पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. रंजना मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि कविता लारिया ने लगभग 150 ग्रामीण महिला कार्यकर्ताओं और छात्राओं को संबोधित करते हुए लैंगिक भेदभाव और शिक्षा की कमी जैसी चुनौतियों पर चर्चा की और छात्राओं को अधिनियम की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रथम दिवस के सत्र ने महिलाओं को समाज परिवर्तन के लिए सशक्त होने का आह्वान किया गया। प्रश्नोत्तर सत्र में लगभग 200 विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही, जहाँ उनकी जिज्ञासाओं का विद्वान वक्ताओं ने समाधान किया। संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिलाषा जैन द्वारा किया गया। अंत में डॉ. शुचिता अग्रवाल ने समस्त अतिथियों, प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## बुजुर्ग दंपती की दर्दनाक स्थिति, बेटे शहर में और माता-पिता कच्चे घर में

# जिन हाथों ने सहारा दिया, वही माता-पिता आज सहारे को तरसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान

नगर में एक हृदय विदारक मामला तब सामने देखने को मिला ज़ब एक अति बुजुर्ग पति का सिर अपनी गोद में रखकर बुजुर्ग पत्नी की मार्मिक फोटो सोशल मीडिया पर बायरल हुई। जिसने वर्तमान समय में रिश्तों की बदलती तस्वीर पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। बड़ागांव धसान नगर वासियो ने बताया कि इन बुजुर्ग दंपती के दो पुत्र है जिनकी शादी हो चुकी है और बो दोनों टीकमगढ़ में रहते है। जबकि बुजुर्ग माता पिता को बड़ागांव नगर में स्थित कच्चे पैतृक घर में बेसहारा छोड़ दिया है। जिनकी हालत बेहद दयनीय है।

### बेटे शहर में और बुजुर्ग माँ बाप गांव में बेसहारा

बड़ागांव नगर के वार्ड क्रमांक 2 में रहने वाला एक बुजुर्ग दंपती शिवदयाल सेन उम्र 80 वर्ष और इनकी पत्नी आज अपने ही जीवन के अंतिम पड़ाव में बेबसी और उपेक्षा का दर्द झेल रहा है। जिन माता-पिता ने पूरी उम्र अपने बेटों का भविष्य संवारने में लगा दी, वही आज अकेलेपन और लाचारी के अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि उक्त दंपती के दोनों बेटे टीकमगढ़ शहर में अपने परिवार के साथ सुख-सुविधाओं में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जबकि उनके माता-पिता बड़ागांव में एक कच्चे मकान में अकेले पड़े हैं। कभी मजदूरी कर पेट पालने वाले ये बुजुर्ग अब इतनी अवस्था में पहुंच चुके हैं कि बिस्तर से उठना भी मुश्किल हो गया है।



**अपने बीमार पति का सिर गोद में रखकर बैठी रहती है पत्नी**

नगरवासियो ने बताया कि जब तक शरीर ने साथ दिया तब तक मजदूरी कर अपना भरण पोषण करने बाले दोनों बुजुर्ग दंपती की स्थिति अब असहाय हो चुके शरीर के साथ इतनी मार्मिक है कि बीमार बुजुर्ग पति का सिर अपनी गोद में रखकर पत्नी घंटों बैठी रहती है, मानो जीवन की आखिरी डोर को थामे हुए हो। आसपास के लोग ही कभी-कभार भोजन और सहायता देकर उनका सहारा बने हुए हैं। बुढ़ापे के दौरान जिस उम्र में बुजुर्ग माता पिता को अपने बेटों के सहारे, देखरेख और नाती पोतो के स्नेह का साथ मिलना चाहिए उस उम्र में दोनों बुजुर्ग दंपती नगरवासियो की कृपा पर असहाय बेसहारा जीवन जीने को मजबूर है।

### रिश्तों की बदलती परिभाषा पर सवाल

एक पिता की हड्डियां तब तक घिसती रहती हैं, जब तक बेटे के पैर मजबूत न हो जाए। एक मां की आंखें तब तक जागती हैं, जब तक बेटा चैन से सो न जाए। लेकिन समय के साथ जैसे-जैसे जिम्मेदारियां बदलती हैं, वैसे-वैसे रिश्तों की संवेदनाएं भी कहीं खोती नजर आती हैं। जिस आंगन में कभी बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, आज वहीं माता-पिता एक कोने में सिमटकर जीने को मजबूर हैं।

### बचपन की दूसरी पारी होती है बुढ़ापा

बचपन में जैसे बच्चों को सहारे की जरूरत होती है, वैसे ही बुढ़ापे में माता-पिता को भी सहारा चाहिए। फर्क सिर्फ इतना है कि तब वे मुस्कुराकर सब सहते थे, और आज उनकी छोटी-छोटी जरूरतें भी अनदेखी हो रही हैं। सिर्फ रोटी नहीं बल्कि स्नेहरूपी साथ भी जरूरी होता है। दिन के कुछ पल उनके साथ बिताना, परिवार में उनका सम्मान कायम रखना, इलाज और दवाओं की जिम्मेदारी निभाना, उनके अनुभवों को सम्मान देंना आदि भी जरूरी होता है।

### मां-बाप एटीएम नहीं होते बल्कि त्याग की मुरत होते है

माता-पिता सिर्फ पालन-पोषण नहीं करते, बल्कि अपने सपनों को त्यागकर बच्चों का भविष्य बनाते हैं। पिता अपनी इच्छाएं दबाकर फीस भरता है, मां अपनी नींद त्यागकर बच्चे को सुलाती है। आज अगर किसी के पास सुख-सुविधाएं हैं, तो उसकी नींव में माता-पिता का त्याग छिपा होता है। लेकिन ऐसे त्याग को भूलकर ज़ब अपने ही बच्चे बेसहारा छोड़कर चले जाते है, तब जिंदगी पीड़ादायक हो जाती है। यही पीड़ा उक्त दोनों बुजुर्ग दंपती की आँखों में साफ झलकती है।

### नगरवासियों की अपील, भगवान रूपी माँ पिता का करें सम्मान

स्थानीय लोगों ने इस दंपती की हालत पर गहरा दुख जताते हुए दोनों बेटों को नसीहत दी है कि आज आप जैसा व्यवहार अपने माता-पिता के साथ करेंगे, कल आपके बच्चे वही दोहराएंगे। घर के मंदिर में भगवान की पूजा से पहले, घर के जीवित भगवान अपने मां-बाप का सम्मान करना जरूरी है। क्योंकि ईश्वर का हिसाब बाद में होता है, लेकिन मां-बाप की आंखों का आंसू इंसान को यहीं कठघरे में खड़ा कर देता है।

## जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक, 15 जून तक विशेष अभियान

# पांडुलिपियों से बनेगा नॉलेज इकोनॉमी का आधारः श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




देश की अमूल्य बौद्धिक धरोहर को सहेजने और उसे डिजिटल युग से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ज्ञान भारतम मिशन को जिले में गति देने के लिए गुरुवार को जिला पुस्तकालय में जिला स्तरीय समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन 21वीं सदी के भारत की बौद्धिक और आर्थिक संजीवनी है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नॉलेज इकोनॉमी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक में उन्होंने बताया कि अभियान के तहत देश के प्रत्येक जिले में पांडुलिपियों का व्यवस्थित और समयबद्ध सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके अंतर्गत पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण और वैज्ञानिक संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। राज्य, जिला और राष्ट्रीय स्तर पर समितियों का गठन कर समन्वित कार्यप्रणाली विकसित की गई है, वहीं मोबाइल ऐप और पोर्टल के माध्यम से डेटा संग्रह, जियो-टैगिंग और रिपोर्टिंग की आधुनिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। अभियान के तहत मंदिरों, आश्रमों, विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों, धार्मिक संस्थाओं और निजी संग्रहकर्ताओं को जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण किया जा सके। जनभागीदारी बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं, मीडिया और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर कार्य को गति देने के लिए क्लस्टर एवं स्वतंत्र केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो सर्वेक्षण, सत्यापन और डेटा अपलोड की जिम्मेदारी निभाएंगे। अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पांडुलिपियों के संरक्षण के साथ-साथ उनके मालिकों के अधिकारों और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस पहल से राज्यवार पांडुलिपि डेटाबेस तैयार होगा, दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान संभव होगी और जीआईएस आधारित राष्ट्रीय पांडुलिपि मानचित्र विकसित किया जाएगा। ज्ञान भारतम एप के माध्यम से आम नागरिक अपनी पांडुलिपियों का पंजीकरण कर सकेंगे और अभियान से जुड़ सकेंगे। जिले में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जबकि अनुपम दीक्षित को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### छात्रों से सीधा संवाद कर दिए सफलता के प्रेरक मंत्र



ज्ञान भारतम मिशन की बैठक के पश्चात कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिला पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उन्हें मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के बीच जाकर उनकी पढ़ाई की स्थिति, उपलब्ध संसाधनों और आवश्यक सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि सही दिशा में निरंतर प्रयास और अनुशासन भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, समसामयिक घटनाओं की जानकारी और आत्मविश्वास बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संवाद के दौरान छात्रों ने पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं, अध्ययन वातावरण और अन्य आवश्यकताओं को लेकर अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। कलेक्टर ने सभी फीडबैक को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

## एसपी की पहल, साप्ताहिक साइबर एडवाइजरी जारी

# तकनीक से नहीं, असावधानी से जीतते हैं साइबर ठगः मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने एक अहम पहल करते हुए साप्ताहिक साइबर एडवाइजरी जारी करना शुरू किया है। इसके माध्यम से आमजन को साइबर ठगों के नए-नए तरीकों से अवगत कराते हुए सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

एसपी मंडलोई ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि फर्जी कॉल फेक कॉल स्कैम आज साइबर ठगी का सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है, जिसमें अपराधी लोगों के डर, लालच और भरोसे का फायदा उठाकर उनसे गोपनीय जानकारी और पैसे हड़प लेते हैं।

पुलिस के अनुसार, साइबर ठग आधुनिक तकनीकों जैसे कॉलर आईडी स्पूफिंग और इंटरनेट कॉलिंग का उपयोग कर खुद को बैंक, पुलिस या सरकारी अधिकारी के रूप में पेश करते हैं, जिससे कॉल पूरी तरह भरोसेमंद लगती है। कई मामलों में पहले से लीक हुई निजी जानकारी का इस्तेमाल कर ठग लोगों का विश्वास जीत लेते हैं। इसके अलावा एनीडेस्क और टीमव्यूवर जैसे रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड करवाकर मोबाइल का पूरा नियंत्रण भी अपने हाथ में ले लेते हैं। एडवाइजरी में बताया गया है कि ठग अक्सर केवाईसी अपडेट, सिम बंद होने की चेतावनी, बिजली बिल बकाया, इनकम टैक्स या पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर लोगों को झांसे में लेते हैं। वहीं ऑनलाइन जॉब या वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लालच देकर भी ठगी की जा रही है। कई बार यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट भेजकर सीधे खाते से रकम निकाल ली जाती है। पुलिस ने नागरिकों को आगाह किया है कि यदि कोई कॉल करने वाला जल्दबाजी में निर्णय लेने का दबाव बनाए, ओटीपी , पिन या पासवर्ड मांगे या अनजान लिंक/ऐप डाउनलोड करने को कहे, तो तुरंत सतर्क हो जाएं। ऐसे मामलों में बिना पुष्टि किए कोई भी जानकारी साझा न करें। एसपी ने सुझाव दिए हैं कि लोग हमेशा संबंधित संस्था की ऑफिशियल वेबसाइट या कस्टमर केयर नंबर से ही संपर्क करें, मोबाइल में ऐप परमिशन सीमित रखें और बैंकिंग के लिए सुरक्षित डिवाइस का उपयोग करें। साथ ही टू-फैक्टर ऑर्थेटिकेशन चालू रखने और नियमित रूप से बैंक स्टेटमेंट जांचने की सलाह दी गई है।

# नपा में सियासी खींचतान के बीच शासन का बड़ा फैसला

**टीकमगढ़।** नगर पालिका परिषद में लंबे समय से चली आ रही गुटबाजी और पार्षदों के बीच एकराय न बन पाने की स्थिति के चलते ठप्प होती नगरीय प्रशासन की व्यवस्था के बीच शासन को आखिरकार हस्तक्षेप करना पड़ा। नगरीय प्रशासन को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष का प्रभार सौंप दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार को 7 अप्रैल को वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के चलते पद से पृथक कर दिया गया था।



इसके बाद से अध्यक्ष पद रिक्त पड़ा हुआ था, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही थी। इस दौरान नगर पालिका के पार्षदों के बीच आपसी मतभेद और गुटबाजी के कारण नए अध्यक्ष के चयन को लेकर कोई सहमति नहीं बन पा रही थी। इसका असर नगर के विकास कार्यों और रोजमर्रा की व्यवस्थाओं पर साफ दिखाई देने लगा था। सफाई, निर्माण और अन्य आवश्यक सेवाओं में भी सुस्ती देखी जा रही थी, जिससे आम नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा आदेश जारी कर डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन सौंपा गया है। अब उनके पास नगर पालिका के प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों की पूरी जिम्मेदारी होगी। नई जिम्मेदारी के साथ अंजली शर्मा के सामने सबसे बड़ी चुनौती नगर पालिका की व्यवस्था को पुनः पटरी पर लाना और लंबित विकास कार्यों को गति देना होगी। साथ ही पार्षदों के बीच समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रशासन सुनिश्चित करना भी एक महत्वपूर्ण कार्य रहेगा। इस निर्णय के बाद नगर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। जहां इसे प्रशासनिक जरूरत बताया जा रहा है, वहीं इसे सियासी संतुलन साधने की कवायद के रूप में भी देखा जा रहा है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नई व्यवस्था नगर के विकास और प्रशासनिक कार्यों को कितनी तेजी से पटरी पर ला पाती है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नाला-नाली सफाई अभियान तेज

# कलेक्टर के निर्देश पर नपा सक्रिय, जल निकासी व्यवस्था सुधारने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में शहरभर में व्यापक नाला-नाली सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करना और शहर को स्वच्छता के मानकों पर बेहतर बनाना है। इस अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में विशेष रूप से नालियों की सफाई कर गंदगी और अवरोधों को हटाया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। नगर पालिका की टीम ने वार्ड क्रमांक 26 वर्मा पेट्रोल पंप के पीछे स्थित क्षेत्र में करीब 1000 मीटर लंबी नालियों की सफाई कराई। वहीं वार्ड 12 नूतन बिहार कॉलोनी में शिव मंदिर से मुक्तिधाम तक 400 मीटर, वार्ड 24 में पेट्रोल पंप से भगबानी की दुकान तक 300 मीटर तथा वार्ड 14 में गल्ला मंडी क्षेत्र में 300 मीटर नालियों की सफाई की गई। इसके अलावा वार्ड 03 में हरदोल मंदिर के पास 200 मीटर, वार्ड 18 में हॉस्पिटल चौराहे से फायर ब्रिगेड चौराहे तक 500 मीटर तथा वार्ड 19 में कलेक्टर बंगले के सामने 200 मीटर क्षेत्र में भी सफाई कार्य संपन्न कराया गया। इस दौरान नालियो में जमा गाद और कचरे को हटाकर नालियों की जल प्रवाह क्षमता को बेहतर बनाया गया। उक्त अभियान की खास बात यह रही कि इसमें स्थानीय नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे सफाई कार्य और अधिक प्रभावी बना। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पंकज प्रजापति और सफाई प्रभारी राकेश करोसिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे और अभियान में सहयोग दिया। नगर पालिका प्रशासन का मानना है कि इस तरह के निरंतर प्रयासों से न केवल शहर में जलभराव की समस्या कम होगी, बल्कि स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को भी मजबूती मिलेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें, क्योंकि स्वच्छ शहर की जिम्मेदारी सामूहिक होती है।

# आदिवासी अंचल की बेटियों से जुड़ी पुलिस, सुरक्षा का संदेश

**एसपी के निर्देशन में महिला सेल की पहल, बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस विभाग द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशानुसार महिला सेल टीकमगढ़ की टीम ने शहर से लगे अनगड़ा क्षेत्र के आदिवासी अंचल में पहुंचकर बालिकाओं से आत्मीय संवाद स्थापित किया। दिनांक 22 अप्रैल को आयोजित इस कार्यक्रम में महिला सेल की टीम ने बच्चियों के बीच बैठकर उनसे उनकी पढ़ाई, शिक्षा में आने वाली चुनौतियों और उनके भविष्य के सपनों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान टीम ने बालिकाओं को खुलकर अपनी बातें रखने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनके मन में आत्मविश्वास का संचार हो सके। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को फल वितरित कर उनके स्वास्थ्य और पोषण के प्रति भी जागरूक किया गया। साथ ही उनसे यह जाना गया कि वे आगे चलकर क्या बनना चाहती हैं, और उसी अनुरूप उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं और बताया कि किसी भी परेशानी या संकट की स्थिति में वे बिना झिझक पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, शिक्षा के प्रति जागरूक करना है।

## लोकायुक्त के जाल में फंसा वनरक्षक, 5 हजार लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

# लकड़ी की परमिशन के नाम पर रिश्वतखोरी का खेल उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त पुलिस, सागर ने गुरुवार को वन विभाग के एक वनरक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कुंडेश्वर बीट में पदस्थ वनरक्षक अरुण अहिरवार पर लकड़ी परिवहन की अनुमति देने के एवज में लगातार रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप हैं। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के बानपुर निवासी लकड़ी व्यापारी अरबाज खान की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त को बताया कि वह किसानों से लकड़ी खरीदकर फर्नीचर निर्माण का कार्य करता है और लकड़ी को मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश ले जाने के लिए वन विभाग की अनुमति आवश्यक होती है।

### हर महीने 20 हजार की मांग, न देने पर जब्ती की धमकी

शिकायतकर्ता अरबाज खान ने बताया कि वनरक्षक अरुण अहिरवार उनसे हर महीने 20 हजार रूपये की अवैध मांग करता था।



पैसे न देने पर कार्रवाई करने और वाहन जब्त करने की धमकी दी जाती थी। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में भी रिश्वत न देने पर उसका लकड़ी से भरा वाहन जब्त कर लिया गया था और उसे छोड़ने के लिए 10 हजार रूपये की मांग की गई थी। लगातार हो रही इस वसूली से परेशान होकर उसने लोकायुक्त पुलिस, सागर में शिकायत दर्ज कराई।

लोकायुक्त टीम ने शिकायत की पुष्टि के बाद योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। मिश्रा तिराहे पर जाल बिछाया गया, जहां आरोपी वनरक्षक को 5 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया गया। बताया जा रहा है कि कुल सौदा 10 हजार रूपये में तय हुआ था, जिसकी पहली किश्त लेते समय ही आरोपी वन कर्मचारी लोकायुक्त की गिरफ्त में आ गया। जिससे इस भ्रष्टतंत्र का खुलासा हो गया। वन बिभाग में फैले इस भ्रष्टाचार के जाल की पोल खुल गई।

### गिरफ्तारी के बाद वन विभाग कार्यालय में पूछताछ

गिरफ्तारी के बाद लोकायुक्त टीम उक्त आरोपी को अंबेडकर चौराहे स्थित वन विभाग के पुराने कार्यालय में ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जिससे इस खेल में शामिल अन्य लोगो के नाम व चेहरे भी उजागर होने की आशा है।

### ऊपर तक जाता था पैसा, आरोपी का बड़ा आरोप

मामले ने उस वक्त नया मोड़ ले लिया जब गिरफ्तार वनरक्षक ने दावा किया कि वह यह रिश्वत राशि अपने वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए मजबूर था। उसने आरोप लगाया कि डीएफओ और एसडीओ स्तर से उस पर दबाव बनाया जाता था। कि रिश्वत की रकम ली जाये। हालांकि जब इस संबंध में डीएफओ राजाराम परमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनका मोबाइल फोन बंद मिला, जिससे संदेह और गहरा गया है।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल, मचा हड़कंप

आरोपी वनरक्षक लंबे समय से वाहन चालकों और छोटे व्यापारियों से अवैध वसूली कर रहा था। लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है और विभागीय कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकायुक्त टीम पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। विशेष रूप से इस बात की पड़ताल की जा रही है कि क्या रिश्वतखोरी का यह नेटवर्क निचले स्तर तक सीमित था या इसके तार उच्च अधिकारियों तक भी जुड़े हैं।

### जिले में नहीं थम रहा ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पलटने का सिलसिला

# दहेज का सामान लेकर लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 5 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में ट्रैक्टर ट्रॉली के पलट जाने से सड़क हादसे घटित होने का सिलसिला नहीं थम रहा है। गुरूवार की सुबह आवदा थाना क्षेत्र में बारात में मिले दहेज के सामान को लेकर लौट रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सारसिल्ला गांव के पास स्थित नाले की पुलिया से नीचे कूदकर पलट गई। इस हादसे के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में ट्रैक्टर चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए आवदा पुलिस ने जिला अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां से एक घायल को हालत गंभीर होने पर कोटा के लिए रैफर कर दिया गया है। आवदा थाना पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिले में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने की यह घटना एक सप्ताह के भीतर तीसरी घटना है। क्योंकि इसके पहले अगरा थाना क्षेत्र और विजयपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने की घटनाए हो चुकी है। अगरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से जहां एक महिला की मौत हुई। वहीं विजयपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने की घटना के दौरान पांच महिलाओ की मौत हो गई। जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई।



#### एनवक्त पर बिजली गुल नहीं होती तो भयानक हादसा होता

विशेष बात यह है कि सडक दुर्घटना का शिकार हुई ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने के बाद पुलिया के बगल से खडे बिजली के खंभे से भी टकराई। टक्कर लगते ही बिजली का खंभा टूटकर ट्रॉली पर ही गिर पडा। गनीमत यही रही कि बिजली के खंभे में टक्कर लगते ही बिजली के तार आपस में भिड गए और ट्रॉसफार्मर से बिजली सप्लाई धमाके के साथ गुल हो गई।यदि बिजली गुल नहीं होती तो यह हादसा भयानक होता,क्योंकि बिजली सप्लाई चालू होने पर ट्रैक्टर ट्रॉली में करंट प्रभावित हो सकता था और आग लगने का खतरा भी बन जाता। ऐसे में घायल हुए लोगो की जान जाना तय दिख रही थी। मगर ईश्वरीय कृपा के चलते एक बडी घटना होने से टल गई।

#### पुलिया पर बिगडा संतुलन और पलट गई ट्रैक्टर ट्रॉली

आवदा पुलिस के मुताबिक बुधवार को राडेप गांव से एक आदिवासी युवक की बारात ट्रैक्टर-ट्रॉली से सावडी गांव में आई थी। शादी के बाद गुरूवार की सुबह बारात वापस राडेप गांव के लिए रवाना हो गई। इस दौरान बारात में दहेज के सामान को लेकर तेज रफ्तार में चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली सारसिल्ला गांव के पास स्थित नाले की पुलिया पर अचानक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार पांच लोग घायल हो गए। वहीं दहेज का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस मामले की सूचना मिलने पर आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और ट्रॉली पलटने से घायल हुए ट्रैक्टर चालक मान सिंह पुत्र घनश्याम आदिवासी निवासी बारांभैरू, दुर्गेश पुत्र सोमत आदिवासी निवासी बारांभैरू, मनीष पुत्र रक्की आदिवासी निवासी रामगढ राजस्थान, कुंदन पुत्र कपूर आदिवासी निवासी राडेप, विजय पुत्र किशोर आदिवासी निवासी राडेप को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### पुलिस भी एक्टिव मोड में, फिर भी नहीं थम रहे हादसे

ट्रैक्टर ट्रॉलियो के पलटने से हो रहे हादसो को रोकने के उद्धेश्य से पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशो के बाद जिले के सभी थानो की पुलिस एक्टिव मोड में बनी हुई है और अपने अपने क्षेत्र में चैकिंग प्वाइंट लगाकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों से जा रहे लोगो को टोका टकी कर उन्हें धीरे और सावधानी से चलने की समझाइस दी जा रही है। लेकिन इसके बाद भी जिले में ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पलटने की घटनाए आए दिन सामने आ रही है।

### इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स रहेंगे प्रतिबंधित

# रविवार को श्योपुर में तीन सेंटरों पर आयोजित होगी पीएससी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल रविवार को राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। श्योपुर जिले में यह परीक्षा तीन सेंटरों पर आयोजित होगी। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रोनिक गेजेट्स ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

एमपी पीएससी परीक्षा 26 अप्रैल रविवार को परीक्षा सेंटर शासकीय सांदीपनि विद्यालय श्योपुर, शासकीय गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल श्योपुर एवं पीजी कॉलेज पाली रोड श्योपुर पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से सांय 4.15 बजे तक दो सत्रो में आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को निर्देश दिये गये है कि वे परीक्षा समय से 90 मिनिट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जायें। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जांच की जायेगी। परीक्षार्थियों की एचएचएमबी के माध्यम से दोनो सत्रो में जांच होगी। पुरूष परीक्षार्थियों की जांच पुरूष वीक्षकों द्वारा एवं महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा केबिन में की जायेगी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल बॉलपेन एवं पानी की पारदर्शी बोतल तथा ई-प्रवेश पत्र व आईडी कार्ड साथ में ला सकेंगे।




#### इन वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी की गई वर्जित वस्तुओं की सूची में मोबाइल फोन, पेनड्राईव, बालो में बांधने की क्लेचर अथवा बक्कल, स्मार्ट वॉच, डिजिटल घडी, चॉबी, इलेक्ट्रोनिक चॉबी, स्कैल, पेंसिल, कैप, हाथ में पहने जाने वाले मेटेलिक अथवा चमडे के बैंड, सामान्य घडी, बेल्ट, पर्स, धूप के चश्मे, ब्लूटूथ, इयरफोन, मौजे, जूते, व्हाइटनर, रबर (इरेजर), माचिस, लायटर, विभिन्न प्रकार के आईटी गेजेट्स, अस्त्र-शस्त्र, शॉर्पनर, ब्लेड शामिल है, इन वस्तुओं को परीक्षा केन्द्र में ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षार्थी अपने साथ ई-प्रवेश पत्र, काली स्याही का बॉलपेन, फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार, वोटरकार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, पेनकार्ड इत्यादि) एवं पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकते है।

# जेसीआई ने पशुओं की प्यास बुझाने शहर में विभिन्न स्थानों पर रखवाई पानी की टंकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पशुओं की प्यास बुझाने एवं सामाजिक सेवा के उद्देश्य से जेसीआई श्योपुर ने गुरूवार से गौ सेवा प्याऊ अभियान का शुभारंभ कर दिया है। अभियान के पहले दिन शहर के विभिन्न स्थानों HDFC बैंक के पास, रेलवे स्टेशन के पास, गैस एजेंसी के पास, मोती कुंज के पास, पुलिस लाइन के सामने, शिवपुरी रोड, बड़ौदा रोड, पाली रोड सहित अन्य कई स्थानों पर सीमेंट की पानी की टंकियां रखवाई। ताकि गर्मी के इस मौसम में कोई भी बेजुबान प्यासा न रहे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष जितेन्द्र गर्ग,सचिव राहुल कुमार गुप्ता, गौरव गोयल, गोपाल मित्तल, दिनेश शाहू सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



# महिला ने संदिग्ध हालत में खाया जहर, कोटा में इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आवदा थाना क्षेत्र के ग्राम राडेप में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर में कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिसकी राजस्थान के कोटा अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आवदा थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम राडेप निवासी विवाहिता अनीता 40 वर्ष पत्नी सुमत जाट ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच गत 21 अप्रैल को अपने घर में जहरीला पदार्थ गटक लिया। जहर खाने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है,लेकिन परिजनों को जब इसका पता चला तो वे अनीता को तत्काल जिला अस्पताल श्योपुर में लेकर पहुंचे। जहां से उसे प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के बाद कोटा के लिए रैफर कर दिया गया। कोटा अस्पताल में अनीता की 22 अप्रैल को इलाज के दौरान मौत हो गई। आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि इस मामले की सूचना मिलने के बाद विवाहिता के शव का कोटा में ही पीएम कराए जाने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तालाबों पर अतिक्रमण, प्रशासन अभियान चलाकर करे कार्रवाई: सरपंच संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के कई गांवों में सरकारी तालाब मौजूद है। मगर जिले के ज्यादातर तालाबों पर अतिक्रमण बना हुआ है। किसी ने बाडे के नाम पर तालाब की भूमि को घेर रखा है तो कोई भूसे का टोपा बनाकर तो कोई कंडे थापकर तालाब की जगह पर अतिक्रमण कर रहा है। जिससे तालाबो का अस्तित्व खतरे में पडता दिख रहा है। ऐसे में प्रशासन जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिलेभर में अभियान चलाकर तालाबो को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई करें। यह मांग सरपंच संगठन संघ ने गुरूवार को कलेक्टर शीला दाहिमा को ज्ञापन सौंपकर की है।

सरपंच संगठन संघ जनपद पंचायत श्योपुर के अध्यक्ष योगेश मीणा तथा सचिव महावीर मीणा ने कलेक्टर से मुलाकात के दौरान सौपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि तालाबो पर अतिक्रमण होने के कारण ग्राम पंचायत अपने क्षेत्र में शासन के महत्वपूर्ण अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान को ठीक तरह से संचालित नहीं करवा पा रही है। सरपंच संगठन ने कलेक्टर से मांग की है कि यह अभियान ठीक तरीक से संचालित हो और तालाबो का अस्तित्व बचा रहे,इसके लिए जिले के सभी तालाबो का राजस्व अमले के जरिए भौतिक सत्यापन कराया जाए और फिर अभियान चलाकर तालाबो से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

# हर सप्ताह होगा जिला अस्पताल का निरीक्षण, कलेक्टर ने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं में आमलोगों को ओर अधिक बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय सहित स्वास्थ्य संस्थाओं के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन, साफ-सफाई आदि सुविधाओं की पहुंच बढाने के उद्देश्य से निर्देश जारी किये गये है कि अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य प्रति सप्ताह जिला चिकित्सालय श्योपुर का निरीक्षण करेंगे। इसी प्रकार संबंधित एसडीएम अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

## रक्तदान शिविर आज

श्योपुर।संत निरंकारी मंडल 24 अप्रैल शुक्रवार को मानव एकता दिवस मनाएगा। इस मौके पर शुक्रवार को जिले के ग्राम माकडौद स्थित निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर और सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हीरालाल नायक ने देते हुए बताया है कि यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा और दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। उन्होने निरंकारी मंडल से जुडे साधको से कार्यक्रम में उपस्थित होकर दूसरो का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करने का भी आग्रह किया है।

# शादी में न बुलाने की बात पर रघुनाथपुर में झगड़ा,छह जख्मी,क्रॉस एफआईआर दर्ज

श्योपुर। रघुनाथपुर कस्बे में बीती शाम को शादी में न बुलाने की बात को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान खूब लातघूसे और डंडे चल गए। इस दौरान दोनो तरफ से छह लोग घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में पुलिस ने क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। रघुनाथपुर थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि विवाद में एक तरफ से सागर चौहान व उसकी मां राधा व भाई विक्की जख्मी हो गया। वहीं दूसरी तरफ से जगदीश चौहान व उसकी बहन निक्की व नीलम चोटिल समेत तीन लोग चोटिल हो गए। इस मामले में जगदीश पुत्र राजू चौहान की रिपोर्ट पर सागर चौहान व विक्की चौहान तथा सागर चौहान पुत्र कैलाश चौहान की रिपोर्ट पर राजू और भूपेन्द्र के खिलाफ मारपीट की धाराओ में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पत्रकार वार्ता में बोली महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री

# कांग्रेस की नारी विरोधी छवि देश के सामने हो गई उजागर: खुशबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बाधित कर कांग्रेस तथा विपक्ष ने अपनी महिला विरोधी मानसिकता को एक बार फिर उजागर किया है, देश ओर देश की महिलाएं उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। यह बात भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री खुशबू गुप्ता ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

भाजपा प्रदेश मंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्होंने कभी देश की संवैधानिक व्यवस्थाओं, संसद और महिलाओं किसी पर भी विश्वास नहीं किया। प्रियंका गांधी द्वारा महिलाओं के लिए 'इस्तेमालर' जैसी भाषा का उपयोग करना भारत की सांस्कृतिक भावना के विरुद्ध है। जिस देश में नारी को दुर्गा, काली, सरस्वती और लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, वहां ऐसी सोच अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक सोच के साथ सरकार महिला आरक्षण बिल लेकर आई थी लेकिन विपक्ष ने बिल को गिरा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को रोकने का काम किया है और यह सोची-समझी रणनीति का प्रतीत था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रशस्त किया। जबकि कांग्रेस ने दशकों तक केवल वादे किए, भाजपा ने केवल कहा नहीं, बल्कि करके भी दिखाया है।तीन तलाक से मुक्ति, हर घर शौचालय, निःशुल्क बैंक खाते और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने भी महिला आरक्षण बिल को संसद में गिराने पर कांग्रेस और विपक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। इस अवसर सरोज तोमर, रेनु सुजीत गर्ग समेत कई भाजपा नेत्रिया मौजूद थी।





### खुद बनाए कॉरिडोर से चीते बार बार पहुंच रहे राजस्थान

# सरकार कब बनाएगी कॉरिडोर, पता नहीं कूनों के चीतो ने खुद ही बना लिया कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रोजेक्ट चीता को सफ़ल बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने कूनो के चीतों के लिए सीमाएं निषेध कर राजस्थान ओर यूपी तक वन्य क्षेत्र का विस्तार कर चीतों के लिए ऐसा कॉरिडोर बनाने की योजना तैयार की है जिसके तहत चीते न सिर्फ कूनो क्षेत्र से बाहर बल्कि अन्य जिलों ओर दूसरे राज्यों (एमपी, राजस्थान ओर यूपी) में स्वच्छंद विचरण कर सकें। उन्हें न कोई रोकने वाला हो न कोई टोकने वाला। अलबत्ता वह जिस वन्य क्षेत्र में पलायन कर पहुंचे वहां का वन्य प्रशासन उनकी निगरानी करेगा।

सरकार की यह योजना काफी अच्छी है, मगर यह योजना किस दिन धरातल पर उतरेगी,इसका फिलहाल पता नहीं है। मगर श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क के चीतों ने इस तरह का कॉरिडोर खुद ही बना दिया है और खुद बनाए कॉरिडोर के जरिए कूनो के चीते बार बार राजस्थान पहुंच रहे है। वर्तमान में कूनो के तीन चीते राजस्थान के जंगल में ही घूम रहे है। दो चीते तो राजस्थान के बारां जिले के जंगल में घूम रहे है वही एक चीता राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के जंगल में भ्रमण कर रहा है।



#### चीतो की पहली पसंद बना राजस्थान का जंगल

कूनो के चीते कूनो नेशनल पार्क से भागकर बार बार राजस्थान के जंगल में पहुंच रहे है। हालांकि उन्हें ट्रेंकुलाइज कर वापस कूनो नेशनल पार्क में लाया जा रहा है,मगर लेकिन चीते है कि राजस्थान जाने से रूक नहीं रहे है। वर्तमान में कूनो के दो चीते जहां राजस्थान के बारां जिले के जंगल में घूम रहे है,वहीं एक चीता सवाईमाधोपुर जिले के जंगल में घूम रहा है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चीतो को राजस्थान के जंगल का वातावरण भा गया है और उन्हें वहीं रहना पसंद आ रहा है।

खास बात यह है कि सवाईमाधोपुर जिले का जंगल बाघो का घर है,क्योंकि सवाईमाधोपुर जिले में रणथंभोर टाइगर सेंचुरी मौजूद है। जहां चीते और टाइगर की भिडंत होने का खतरा बना हुआ है। इसके बाद भी कूनो का चीता बाघो के घर में घूमकर एक नया इतिहास रच रहा है। बताना होगा कि मध्य प्रदेश के कूनों नेशनल पार्क में चीतो की संख्या आधा सैकडा से अधिक हो जाने के कारण राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के चयनित जिलों को जोड़कर एक विशाल चीता कॉरिडोर' विकसित किए जाने की योजना सरकार ने बनाई है, और इस विषय पर सहमति भी बन चुकी है कि चीते किसी भी क्षेत्र राज्य जिले के जंगल में विचरण करें न तो कोई रोक टोक होगी न ही कुनो प्रशासन उन्हें वापस लाने के लिए ट्रेंकुलाइज नहीं करेगा। जिस जिले और प्रदेश में चीते पहुंचेंगे वहां का वन अमला उनकी निगरानी खुद रखेगा। लेकिन फिलहाल इस काम में अभी तक जुबानी खर्च ही होता दिखा है। ऐसा इसलिए दिख रहा है कि क्योंकि पिछले दिनों के दौरान राजस्थान के सवाईमाधोपुर, बारां ओर कोटा जिले में पहुंचे चीतो को ट्रेंकुलाइज कर वापस कूनो लाया जा चुका है। उधर वन्य विशेषज्ञ इस बात पर चिंता व्यक्त कर रहे है कि अगर चीतों को बार-बार इसी तरह ट्रेंकुलाइज किया गया तो उनकी प्रजनन क्षमता पर विपरीत असर पड़ेगा इसलिए राजस्थान और मध्य प्रदेश की सरकार को इस विषय में गंभीरता पूर्वक सोचना पड़ेगा की चीतों को ट्रेंकुलाइज किए बिना उन्हें एमपी या राजस्थान में भी जहां चाहें रहने की छूट दी जाए।

#### अभी तक ये चीते पहुंचे राजस्थान

1 मादा चीता ज्वाला गत 11 अगस्त 2025 को मानपुर के रास्ते चंबल नदी पार कर राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले की सीमा में पहुंच गई। कूनो वन्य टीम ज्वाला को 12 अगस्त 2025 को सवाईमाधोपुर जिले की खंडार तहसील के ग्राम करीरा से रेस्क्यू कर लाई।

2 चीता पवन 4 मई 2024 को राजस्थान के करौली जिले की सीमा में पहुंच गया, जिसे वापस लाया गया। हालांकि 27 अगस्त 2024 को पवन की कूनो पार्क की सीमा में ही नाले में डूबने से मौत हो गई थी।

3 कूनों की सीमा से निकलकर नर चीता अग्नि 26 दिसंबर 2023 को राजस्थान के बारां जिले की सीमा में पहुंच गया। जिसके बाद टीम उसे ट्रैगक्यलाइज कर वापस कूनो ले आई।

4- 19 मार्च को कोटा जिले की सीमा में आ गया था। 27 मार्च को पीपल्दा समेल गांव में इसे ट्रेंकुलाइज कर कूनों की टीम ले गई थी। अब ये दोबारा यहां पहुंचा है।

5- वर्तमान में चीतो केपी 03 और परवन राजस्थान के बारां जिले के जंगल में घूम रहे है। जबकि चीता केपी 02 राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले के जंगल में भ्रमण कर रहा है।

#### कूनो पार्क भी रणथंभोर के टाइगरों की पसंद

जिस तरह कूनो के चीतो की पहली पसंद राजस्थान का जंगल बन रहा है,उसी तरह सवाईमाधोपुर जिले में मौजूद रणथंभोर टाइगर सेंचुरी के टाइगरो के लिए भी कूनो नेशनल पार्क का जंगल पसंद बना हुआ है। तभी तो रणथंभौर के टाइगर कई बार चंबल नदी को पार करके कूनो पार्क में आ चुके है। वर्तमान में भी कूनो पार्क में घूम रहा एक टाइगर सैलानियों को खूब आकर्षिक कर रहा है। विशेष बात यह है कि सवाईमाधोपुर के जंगल में घूम रहा केपी 02 को भलेही वहां टाइगरो से जान का खतरा बना हुआ है,लेकिन इसके बाद भी चीता वापस आने के मूड नहीं दिख रहा है।

#### इनका कहना...

जो चीते कूनो नेशनल पार्क से बाहर जा रहे है,उनकी निगरानी के लिए हमारी टीमे लगी हुई है। वर्तमान में जो चीते राजस्थान सीमा में घूम रहे है,उनकी निगरानी भी हमारी टीमे कर रही है। सभी चीते पूरी तरह सुरक्षित है।

**आर थिरूकुलर**
**डीएफओ,कूनो नेशनल पार्क श्योपुर**

### नपा अमले की बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए

# नालों की सफाई का पूरा शेड्यूल बनाएं शहर की साफ सफाई पर भी फोकस करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के सभी नालों की सफाई का पूरा शेड्यूल बनाया जाए, इसके साथ ही शहर की साफ-सफाई पर फोकस करते हुए शहर स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर शीला दाहिमा ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित नगरीय निकाय अमले की बैठक के दौरान उपस्थित नपा के अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर एवं डूडा प्रभारी विजय शाक्य, सीएमओ राधेरमण यादव, उपयंत्री पवन गर्ग सहित दरोगा, मेट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि वर्षाकाल से पूर्व शहर के सभी नालों की साफ-सफाई का कार्य सुनिश्चित किया जायें, इसके लिए अभी से पूरा शेड्यूल तैयार किया जायें तथा प्रत्येक नाले को साफ करने की अवधि तय कर प्लान तैयार किया जायें और उस प्लान के अनुसार वर्षाकाल से पूर्व सभी नालो की साफ-सफाई बेहतर तरीके से कराई जायें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शहर को स्वच्छ रखने का दायित्व नगरीय निकाय अमले का है। उन्होंने कहा कि दरोगा और मेट अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी से सफाई कार्य नियमित रूप से करायें, मैन बाजार, गुलम्बर, जयस्तभ, बस स्टैण्ड, सब्जी मंडी आदि सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए इन स्थलो को स्वच्छ बनाया जायें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में उनके द्वारा भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का आंकलन किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण अनुरूप निर्धारित गतिविधियों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। इसके अलावा उन्होंने नगर के विभिन्न मार्गो एवं गलियों में उचित प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने दो घंटे में नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया

**अशोकनगर।** मुस्कान अभियान के अंतर्गत कदबाया पुलिस ने सराहनीय एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए एक नाबालिग बालिका को रिपोर्ट के मात्र 2 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब किया गया। उल्लेखनीय है कि 21 अप्रैल को फरियादी द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट थाना कदवाया में दर्ज कराई गई थी। उक्त सूचना पर थाना कदवाया में अपराध क्रमांक 43/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कदवाया निरी0 मनीष जादौन को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कदवाया द्वारा तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर बालिका की पतारसी हेतु रवाना किया गया। पुलिस की त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर बालिका को अन्य थाना क्षेत्र से महज 02 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बालिका द्वारा ग्राम सकर्रा निवासी करन आदिवासी द्वारा साथ ले जाने की जानकारी दी गई। प्रकरण में आरोपी करन आदिवासी पुत्र भरतू आदिवासी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। अपराध जमानती होने के कारण आरोपी को नोटिस पर रिहा किया गया।

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत पंजाबी कालोनी निवासी मनोज कलाकार ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि हरविन्दर सरदार निवासी सिरसी पछार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत विक्की सेन निवासी चंदेरी ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि सुरेन्द्र चैवे ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत निखिल यादव निवासी सलोना ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि शिशुपाल यादव, पहाड़ सिंह यादव व शिशुपाल पुत्र धीरज सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत कमला आदिवासी निवासी कुरवासा ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि नारायण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत रामवीर बंजारा निवासी कुम्हार्या ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि राहुल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत प्रमोद आदिवासी निवासी आक्सीचक्क ने रिपार्ट दर्ज कराई है कि राजाराम, सैतान, बृजभान आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अशोकनगर में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले आए सामने, केस दर्ज कर जांच शुरू

# शादी में शामिल होने जा रहे बाईक सवार को वाहन ने टक्कर मारी, एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से कानीखेड़ी गांव में शादी में शामिल होने जा रहे एक बाईक पर बैठे तीन लोगों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाईक चला रहे हल्लू उर्फ हरलाल उम्र 38 साल निवासी ग्राम जारौली धुवयाई की मौत हो गई है। इस घटना में घायल दो का उपचार जिला अस्पताल अशोकनगर में किया जा रहा है।

घटना की कहानी यह है कि चार अलग-अलग बाईकों से शादी में शामिल होने के लिए सुबह 9 बजे अशोकनगर से कुछ लोग ग्राम कानीखेड़ी के लिए रवाना हुए थे। चार बाईकों में सबसे पीछे की बाईक पर हरलाल, चिरौंजीलाल और दौलत सिंह बैठे हुए थे तभी उनकी बाईक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में हरलाल आदिवसी की मौत हो गई है। जबकि शेष दो घायलों दौलत सिंह पुत्र बाबूलाल आदिवासी उम्र 38 साल निवासी विनौदा थाना पथरिया जिला विदिशा और चिंरौजी लाल पुत्र लम्पू आदिवासी उम्र 35 साल निवासी कानीखेड़ी




थाना बहादुरपुर शामिल है। यह घटना दोपहर 11 बजे के बाद की बताई गई है। इस घटना में दोनों घायलों के हाथ और पेरों में गंभीर चोटें आईं हैं, जबकि मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल अशोकनगर में किया गया है। घटना के बाद अशोकनगर विदिशा रोड़ पर बने टोल नाका की एम्बूलेंस उन्हें लेकर अशोकनगर जिला अस्पताल आई थी। घटना की सूचना पुलिस द्वारा मृतक और घायलों के परिवारजनों को दी गई। जिसके बाद परिवारजन मौके पर पहुंचे। मृतक के परिवार के सदस्य शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ जारौली धुवयाई गांव ले गए जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### दो बाईक आपस में टकराईं, तीन घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी

जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम चिरवांस के समीप दो बाईक आपस में टकरा गई इस घटना में बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। एक बाईक पर बैठी मां बेटे को चोटें आईं हैं जबकि दूसरी बाईक पर बैठा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की कहानी यह है कि मां अपने बेटे के साथ कोंधयाई गांव से शादी समारोह से बापिस अपने घर लौट रही थी। रोहित बंशकार बाईक चला रहा था और मां ममता बंशकार पीछे बैठी हुई थी चिरवास गांव के समीप सामने की ओर से आ रही एक बाईक आपस में भिड़ गईं। इस घटना में दोनों बाईकों पर बैठे तीन लोग घायल हुए हैं । दूसरी बाईक अरविन्द यादव चला रहा था जो ग्राम कर्र का निवासी है और पिपरई से बापिस अपने गांव लौट रहा था तभी ये घटना हो गई जबकि मां बेटा बरखेड़ा काछी रहने वाले है।

इस घटना के बाद तीनों घायलों को पिपरई अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, घायलों की हालत गंभीर होने के बाद उन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। यह घटना इतनी भीषण थीं कि दोनों बाईकों के परखच्चे उड़ गए। तीनों घायल सड़क पर आ गिरे जिन्हें रास्त से निकलते हुए लोगों ने एम्बूलेंस को सूचना दी और उपचार के लिए पिपरई अस्पताल भेजा गया वहां से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है।



### चलती ट्रेन से गिरा यात्री, गंभीर हालत में सागर रेफर

**बीना।** आगासौद रेलवे स्टेशन के पास महाकाल एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सदन एक्सप्रेस से बीना रेलवे स्टेशन लाया गया। एम्बुलेंस के माध्यम से घायल यात्री को सिविल अस्पताल में भर्ती कर प्राथमिक उपचार किया गया। लेकिन यात्री की हालत गंभीर होने के कारण यात्री को सागर रेफर कर दिया गया है। जानकारी अनुसार महाकाल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे यात्री सूरज पिता महेश निशाद उम्र 22 निवासी गोरखपुर जो चलती हुई ट्रेन से आगासौद रेलवे स्टेशन के पास गिर गया। घटना की जानकारी रेलवे कर्मचारी ने स्टेशन मास्टर को दी। सूचना के बाद वहां से गुजर रही सदन एक्सप्रेस ट्रेन को रोककर घायल यात्री को बीना रेलवे जंक्शन लाया गया। घटना की सूचना लगते ही 108 एम्बुलेंस के ईएमटी सुरेंद्र प्रजापति, पायलट प्रहलाद यादव मौके पर पहुंचे। घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्री के सिर में गंभीर चोटें होने की वजह से उसे प्राथमिक उपचार के बाद बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया गया है।

### 2.23 करोड़ से बनेगी बाउंड्रीवाल

## अशोकनगर के पॉलिटेक्निक कॉलेज को मिली बड़ी सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

क्षेत्र के तकनीकी शिक्षा ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने अशोकनगर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बाउंड्रीवाल एवं स्टाफ क्वार्टर्स के निर्माण हेतु 2 करोड़ 23 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ने मध्यप्रदेश शासन एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल संस्थान की आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा, बल्कि छात्रों के समग्र विकास और तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को भी नई ऊंचाई देगा। यह स्वीकृति क्षेत्र के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए बेहतर, सुरक्षित और सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी पहल मानी जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाउंड्रीवाल के निर्माण से कॉलेज परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, जिससे विद्यार्थियों को एक सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। वहीं स्टाफ क्वार्टर्स के निर्माण से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता और संस्थान के प्रति प्रतिबद्धता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि युवाओं को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिल सके।



## खेत में जल रही नरवाई की चपेट में आई बाईक, चार लोग झुलस गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के पिपरई मुख्यालय से दो किलो मीटर दूर खेतों में लगी नरवाई की आग ने एक बाईक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में चार लोग झुलस गए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है ये सभी बाईक से करीला माता के दर्शन करने जा रहे थे।

नरवाई में आग लगने की यह घटना रात आठ बजे के बाद शुरू हुई और देखते ही देखते फैल गई। जिला प्रशासन के स्पष्ट आदेश है कि नरवाई में आग न लगाई जाए लेकिन किसान आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसके कारण बीती रात यह हादसा हुआ। इस घटना में नरवाई



की आग ने समीप से निकल रही बाईक को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें हरिबाई उम्र 35 वर्ष, नरेन्द्र उम्र 18 साल, मुकेश उम्र 12 साल और अनुष्का उम्र 8 साल शामिल है। इन्हें करीला में एक शादी समारोह में भाग लेना था लेकिन यह नरवाई की आग की लपटों में फंस गए। मौजूदा लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया जिसके बाद उन्हें बचाया जा सका। ये सभी बेसरा गांव के निवासी है। इन चारों का उपचार अशोकनगर जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## एंड कैप खोलकर टंकी से छोड़ा पानी घरों में सप्लाई, सेंपल पीएचई भेजा

**बीना।** राजीव गांधी वार्ड एवं गांधी वार्ड में चली आ रही गंदे पानी की समस्या का 12 दिन के बाद समाधान किया गया। बुधवार को नगर पालिका के द्वारा पाइपलाइन की टेस्टिंग कर गुरुवार को घरों में साफ एवं स्वच्छ जल की पूर्ति की गई। नगर पालिका कर्मचारियों ने लगातार तीन दिन एंड कैप खोलकर पाइप लाइन की सफाई की। इसके बाद चार स्थानों पर एंड कैप खोलकर फाइनल टेस्टिंग की गई। बुधवार को खोले गए एंड कैप शुरू से लेकर आखिरी तक साफ पानी आया। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ गांधी वार्ड पार्षद भारती राय के



सामने नपा कर्मचारियों ने पानी का सेंपल लिया, जिसे जांच के लिए पीएचई भेजा है। साथ ही कॉलोनी के लोगों ने पानी का उपयोग शुरू कर दिया। गौरतलब है कि राजीव गांधी वार्ड के वृंदावन धाम कॉलोनी में नाली निर्माण के दौरान जल सप्लाई की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से राजीव गांधी वार्ड के वृंदावन धाम कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं गांधी वार्ड के जागेश्वरी कॉलोनी में गंदे पानी की समस्या से लोग जूझ रहे थे। गंदे पानी की समस्या को लेकर गांधी वार्ड पार्षद भारती राय गंदे पानी के साथ नगर पालिका पहुंची थी।

### रेलवे क्षेत्र में मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी

**बीना।** केंद्रीय विद्यालय के सामने सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला है। घटना की सूचना के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। जानकारी अनुसार केंद्रीय विद्यालय के सामने सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा होने की जानकारी आसपास के लोगों ने जीआरपी को दी। सूचना लगते ही जीआरपी मौके पहुंची और मृतक के जेबों की तलाश की लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक करीब चार दिन से आसपास ही घूम रहा था। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। जीआरपी एएसआई मूलचंद ने बताया कि घटना की सूचना के बाद टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। फिलहाल शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में जानकारी ली जा रही है।

## सर्विस लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी, 55 कनेक्शन जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे में बुधवार को बिजली कंपनी की तीन टीमों ने बिजली चोरी पकड़ने के लिए जांच अभियान चलाया। इस दौरान 5-6 घंटे में 55 कनेक्शनों की जांच की गई। जांच में 28 कनेक्शनों में चोरी पकड़ी गई है। उपभोक्ता कहीं सर्विस लाइन में कट लगाकर तो कहीं मीटर बंद कर सीधे खंभे से तार डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। टीम सबसे पहले नया बाजार में पहुंची थी, जैसे ही एक दुकान पर चोरी पकड़ी तो बिजली चोरी कर रहे



अन्य दुकानदारों ने अपने तार उतार लिए। इसके बाद जांच टीम रहवासी क्षेत्र में चली गई, जहां धीरे धीरे कर कई कनेक्शनों में चोरी पकड़ी गई। जांच टीमों का नेतृत्व डीजीएम विपिन श्रीवास्तव कर रहे थे। स्थानीय वितरण केंद्र प्रभारी बाबू जी मंडेलिया ने बताया कि कुल 55 कनेक्शनों की जांच में 28 चोरी पकड़ी गई हैं, सभी के प्रकरण बना लिए गए हैं। गुरुवार तक जुर्माना अधिरोपित कर दिया जाएगा।


पाइप और भूसा भी जला, सैकड़ों बीघा में फैली थी आग

## शादी में गया था परिवार, इधर नरवाई में लगी आग से जल गए ट्रैक्टर और ट्रॉली के टायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र के गीलारोपा और ओंडेर गांव के सैकड़ों बीघा खेतों में मंगलवार दोपहर नरवाई ने आग पकड़ ली। यह आग इस तरह फैली कि खेतों में बने मकान इसकी जद में आ गए। इन्हीं में से एक माधो सिंह के मकान में भी आग लग गई। घटना के वक्त माधो सिंह गांव में एक शादी समारोह में परिवार सहित गए हुए थे। उनके खेत पर कर्मचारी मर्दन सिंह अकेले थे।

इस दौरान आग की लपटों ने दो ट्रैक्टर, एक ट्रॉली और एक स्ट्रारीपर को घेर लिया। आसपास



के ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू पाया जाता तब तक ट्रैक्टर ट्रालियों के टायर जल चुके थे। इसी तरह नवल सिंह के मकान में भी आग लग गई, जिससे चार ट्रॉली भूसा और एक दर्जन से अधिक पाइप जल गए। इस आग से कई किसानों के टपरे, बिजली की केबिल भी जल गई हैं। हल्का पटवारी रामकुमार यादव ने बताया कि आगजनी की सूचना मिली है। बुधवार को पंचनामा बनाया जाएगा।

**भूसा का टाल जला, दमकल में पानी खत्म**

बुधवार दोपहर एक भूसा के टाल ने भी आग पकड़ ली। भूसा व्यापारी शालू मोदी ने बताया करीब ढाई सौ क्विंटल गेहूं के भूसा का टाल था, जिसमें से सौ क्विंटल भूसा जल गया है। इस आग को बुझाने आई मुंगावली नगर परिषद की दमकल का पानी महज पांच मिनट में ही खत्म हो गया।




## बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवा में सुधार के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, शिशु मातृत्व देखरेख, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में शासन के दिशा निर्देशों के तहत स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को आसानी से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित समय सीमा में सभी कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करें। उन्होंने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप सुनिश्चित किये जाने और सभी आवश्यक जांचे पूर्ण कराये जाने के संबंध में निर्देशित किया।

एएनसी माताओं की ट्रेकिंग कर उनकी जांचे अनमोल पोर्टल पर दर्ज किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं के चार एनएनसी चेकअप अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल की विस्तार से समीक्षा की। निक्षय पोषण बास्केट वितरण हेतु लक्ष्य निर्धारित कर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिये जाने के निर्देश दिए।

### जीव आत्मा भटक रहा है हमारी ही भूल हम पर हावी हो रही है: मुनिश्री


# जिनालय में तिलक दान के साथ प्रभु हुए विराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

उत्तर प्रदेश से पैदल विहार करते हुए मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले के मुंगावली कस्बे में पहुंचे राष्ट्र संत मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए व्यक्ति जीवन यापन के संसाधनों को जुटाने में इतना व्यस्त हो जाता है कि सब कुछ भूल जाता है उसे अपने स्वरूप का जगत का ज्ञान ही नहीं रहता यह तक उसे अपने दुःख का भी वाहन नहीं रहता जव कभी सौभाग्य से सदगुरु का समागम मिलता है तब उसे समझ में आता है कि मैं कहां उलझ गया और अब उलझन सुलझने का नाम ही नहीं ले रही उसी भूल को सुधारने का मौका हमे इस दुर्लभ मनुष्य जन्म में मिला है इसे हाथ से नहीं निकलने देना जगत की भलाई के लिए जो कुछ भी वन पड़े करते चले जाना।

**णमोदय तीर्थ के नाम से जाना जायेगा**

पिछले वारह वर्षो से पाषाण से निर्मित हो रहे नवीन जिनालय में विराजमान होने वाले पन्द्रह फिट ऊंचाई अवगाहन वाले भगवान श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा का तिलक दान करने का सौभाग्य उषा देवेन्द्र कुमार, अर्पित कुमार सिंघई ने सर्व प्रथम तिलक



दान की क्रिया को परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भ इया के मंत्रोच्चार के बीच किया। इसके बाद सर्वे समाज और बाहर से पधारे भक्तो भी तिलक दान का सौभाग्य प्राप्त हुआ इस जैन समाज अध्यक्ष रूपेश जैन मंत्री शशांक सिंघई पूर्व अध्यक्ष चन्द्र कुमार मोदी अरविंद कुमार मक्कू मनीष मोदी दीप टडैया काली मोदी



संजय सिघई सहित अन्य प्रमुख जन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### अशोक नगर समाज ने किए श्री फल भेंट

अशोकनगर जैन समाज पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय के टी संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई पंचायत सदस्य विपिन सिंघ ई नितिन वज हेमंत टडैया पंच कल्याणक के पात्र शैलेन्द्र दददा धर्मेन्द्र रोकड़िया सचिन कासल गिरीश अथाईखेडा रिंकेश कासल मुनेश विजय पुरा मुन्ना वाझल अक्षय टडैया सहित अन्य प्रमुख जनो ने मुनि संघ को श्री फल भेंट कर शान्ति नगर गांव मन्दिर वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का निवेदन किया इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव शान्ति नगर गांव मंदिर की प्रतिष्ठा हेतु हम सब निवेदन लेकर आयें है आपके चरण पड़ते ही सब कार्य पूरा हो जाएगा

### अशोक नगर से बने आईएएस चितवन जैन का हुआ सम्मान

जिले से वने आई ए एस चितवन जैन ने श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के साथ पहुंचकर परिवार सहित राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान अपने निवेदन में कहा कि राष्ट्र सेवा का मन में प्रवल भाव था गुरु देव यह भावना आपके आशीर्वाद से पूरा हुआ इस सेवा को और भी अच्छी तरह से करते हुए ऐसा क्या करें कि लोग याद रखें परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि सबसे पहले राष्ट्र है राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तब आप और हम सब मिलकर धर्म संस्कृति के लिए कुछ कर सकते हैं आज सबसे अच्छा समय है जब आप अपनी इच्छा के अनुसार धर्म कर सकते हैं। अपनी ही भूल के कारण ये जीवआत्मा भटक रही है उन्होंने कहा कि अपनी ही भूल के कारण यह जीव आत्मा भटक रहा है हमारी ही भूल हम पर हावी हो रही है ।